

इन्दौर समाचार के पितृपुरुष स्व. श्री सुरेश सेठजी

Email:samachar.indore@gmail.com, Website: www.indoresamachar.net

RNI No. 1533/57, Dak Reg.: MP/IDC/91/2024-2026 ***

# इन्दौर समाचार

वर्ष 87
अंक-247
इन्दौर, शनिवार 28
नवम्बर 2026
पृष्ठ 12+8
मूल्य, 5 रुपए


# लोकसभा सीटें 50% बढ़ाने की तैयारी

## केंद्र सरकार ने लोकसभा सीटों में 50 प्रतिशत तक बढ़ोतरी करने के प्रस्ताव पर मुहर लगा दी है

**नई दिल्ली (एजेंसी)।**

देश की राजनीति और चुनावी व्यवस्था में बड़ा बदलाव होने जा रहा है। केंद्र सरकार ने लोकसभा सीटों में 50 प्रतिशत तक बढ़ोतरी करने के प्रस्ताव पर मुहर लगा दी है। परिसीमन और महिला आरक्षण से जुड़े संविधान संशोधन विधेयक को केंद्रीय कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही राज्यों के बीच सीटों के बंटवारे की मौजूदा व्यवस्था को अगले 25 साल यानी 2051 तक स्थिर रखने का प्रस्ताव है। इस फैसले के बाद संसद में विधेयक पेश किए जाने की तैयारी है। वहीं परिसीमन को लेकर राजनीतिक दलों के बीच चर्चाएं तेज हो गई हैं। इसी बीच RJD सांसद डॉ. सुरेंद्र प्रसाद यादव ने परिसीमन का समर्थन करते हुए इसे बढ़ती आबादी और विकास की जरूरतों के लिहाज से जरूरी बताया है।

### RJD सांसद ने किया परिसीमन का समर्थन

गया में जहानाबाद के RJD सांसद डॉ. सुरेंद्र प्रसाद यादव ने परिसीमन विधेयक पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि वह इसके पक्ष में हैं। उन्होंने कहा कि देश की आबादी लगातार बढ़ रही है और इसके साथ ही विकास तथा क्षेत्रफल के लिहाज से सरकार की जिम्मेदारियां भी बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि बढ़ती आबादी को ध्यान में रखते हुए परिसीमन होना जरूरी है। इससे जनता और जनप्रतिनिधियों दोनों को फायदा होगा और विकास कार्यों को भी गति मिलेगी।



### भाजपा की बड़ी भूल साबित होगी: अखिलेश यादव

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने देश में संभावित परिसीमन को लेकर अपना स्पष्ट रुख सामने रखा है। उन्होंने भाजपा की इस कवायद को राजनीति की सबसे बड़ी भूल करार दिया है। अखिलेश यादव ने उन सभी अटकलों का खंडन भी किया है जिनमें दावा किया जा रहा था कि सपा परिसीमन विधेयक के संसद में पेश होने के दौरान अनुपस्थित रहेगी। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में अपनी पार्टी का स्टैंड साफ करते हुए लिखा, परिसीमन भाजपा की राजनीति की सबसे बड़ी भूल साबित होगा। उनका यह बयान ऐसे समय में आया है जब राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा गर्म थी कि लोकसभा और राज्यसभा से समाजवादी पार्टी इस विधेयक पर मतदान के दौरान गैरहाजिर रह सकती है। ऐसी अटकलों के पीछे तर्क दिया जा रहा था कि यदि सपा, जिसके लोकसभा में 37 सांसद हैं, सदन में अनुपस्थित रहती है, तो केंद्र सरकार को विधेयक पारित कराने के लिए आवश्यक 360 मतों की संख्या अपने आप कम हो सकती है। इससे सरकार के लिए बिल को लोकसभा से पास कराना आसान हो जाता।

### महिला आरक्षण बिल पर डीएमके को गद्दार टैग, सियासी हलचल तेज

केंद्र सरकार ने संसद का विशेष सत्र बुलाकर सियासी गलियारों में हलचल मचा दी है। सूत्रों के मुताबिक, इस सत्र में बहुप्रतीक्षित परिसीमन विधेयक और उससे जुड़ा महिला आरक्षण विधेयक पेश होने की संभावना है। इन विधेयकों को पारित कराने के लिए दो-तिहाई बहुमत की आवश्यकता होगी, जिससे सभी की निगाहें उन दलों पर टिक गई हैं जो फिलहाल सत्ताधारी गठबंधन का हिस्सा नहीं हैं, लेकिन विधेयक का समर्थन कर सकते हैं। इनमें 22 सांसदों वाली डीएमके सबसे अहम है, जिसे अभी से ही उसकी पूर्व सहयोगी कांग्रेस ने गद्दार का टैग दे दिया है। कांग्रेस ने डीएमके पर तंज कसते हुए पूछा है कि क्या पीटा भरोसे वाले तैयार हैं? तमिलनाडु कांग्रेस के एक प्रमुख नेता ने गुरुवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए डीएमके पर सीधा हमला बोला। उन्होंने अपने पोस्ट में एक केंद्रीय मंत्री की संसद के विशेष सत्र की घोषणा वाली पोस्ट को टैग करते हुए यह सवाल उठाया। यह आरोप ऐसे समय में आया है जब डीएमके ने अभी तक सरकार को सीधे समर्थन देने का कोई ऐलान नहीं किया है, लेकिन राजनीतिक गलियारों में उसके संभावित रुख को लेकर अटकलें तेज हैं। दरअसल, कांग्रेस और डीएमके दशकों से सहयोगी रहे हैं, लेकिन इस साल तमिलनाडु में हुए विधानसभा चुनाव के नतीजे सामने आने के बाद दोनों की राहें अलग हो गईं।

### संसद के विशेष सत्र पर कांग्रेस ने उठाए गंभीर सवाल

केंद्र सरकार ने संसद का चार दिवसीय विशेष सत्र बुलाने की घोषणा की है, लेकिन इसे लेकर कांग्रेस ने सवाल खड़े कर दिए हैं। लोकसभा की बैठक 30 नवंबर और राज्यसभा की बैठक 2 दिसंबर से शुरू होगी। कांग्रेस ने सवाल करते हुए कहा है, कि सरकार नियमित शीतकालीन सत्र बुलाने के बजाय विशेष सत्र क्यों बुला रही है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू के मुताबिक, जरूरी सरकारी कामकाज पूरा होने के बाद दोनों सदनों की बैठकें 3 दिसंबर को समाप्त हो सकती हैं। हालांकि, सरकार ने अभी यह स्पष्ट नहीं किया है कि इस दौरान कौन से विधेयक या प्रस्ताव सदन में लाए जाएंगे। विशेष सत्र को लेकर महिला आरक्षण और परिसीमन विधेयकों की चर्चा तेज है। सूत्रों के मुताबिक, अप्रैल में आगे नहीं बढ़ पाए प्रस्तावों को सरकार दोबारा संसद में ला सकती है। हालांकि, इसकी पुष्टि सरकार की ओर से नहीं की गई है। कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने सवाल उठाया कि सरकार नियमित शीतकालीन सत्र बुलाने के बजाय विशेष सत्र क्यों बुला रही है। उन्होंने कहा कि विशेष सत्र को नियमित सत्र का विकल्प नहीं बनाया जाना चाहिए और यदि सरकार किसी विधेयक को दोबारा लाना चाहती है तो वह नियमित सत्र में भी ऐसा कर सकती है। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने भी संसद की बैठकें कम होने को लेकर सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि संसद बहस और जवाबदेही का मंच बनने के बजाय केवल विधेयकों पर मुहर लगाने वाली संस्था नहीं होनी चाहिए। थरूर ने संसद का वार्षिक कैलेंडर 9 से 12 महीने पहले जारी करने की मांग की और परिसीमन विधेयक पर व्यापक चर्चा की जरूरत बताई।

## सुको ने खारिज की 'वोट चोर गद्दी छोड़' वाली याचिका

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने भारत समिट 2026 के दौरान इटली के नेता जियाकोमो फिलिबेक के 'वोट चोर, गद्दी छोड़' नारे से जुड़े सोशल मीडिया वीडियो हटाने की मांग वाली याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी।



याचिका में कार्यक्रम के आयोजन और उससे जुड़े घटनाक्रम की जांच कराने की मांग भी की गई थी। याचिकाकर्ता का आरोप था कि यूरोपियन सोशलिस्ट पार्टी के महासचिव जियाकोमो फिलिबेक ने भारत की घरेलू राजनीति में हस्तक्षेप किया। उन्होंने हैदराबाद में आयोजित भारत समिट 2026 के दौरान भारतीय सरकार की आलोचना करते हुए यह नारा लगाया था।

## रेप केस में फंसे ये दिग्गज अभिनेता

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 'द न्यूयॉर्क टाइम्स' के अनुसार, फ्रांसीसी अभिनेता जेरार्ड डेपार्दियू को 2018 में एक युवा अभिनेत्री द्वारा लगाए गए बलात्कार के आरोप के मामले में मुकदमे का सामना करना होगा। पेरिस की एक अपील अदालत ने गुरुवार को यह फैसला सुनाया। महिला ने अभिनेता के खिलाफ पहली बार लगभग आठ साल पहले शिकायत दर्ज कराई थी। रिपोर्ट के अनुसार, अगर 77 वर्षीय अभिनेता दोषी पाए जाते हैं, तो उन्हें 15 साल तक की जेल हो सकती है। हालांकि, उन्होंने इन आरोपों से इनकार किया है और कहा है कि जो कुछ भी हुआ, वह दोनों की सहमति से हुआ था।

### गुजरात एटीएस की बड़ी कार्रवाई:

## एके-47 और 23 कारतूस के साथ आतंकी गिरफ्तार

**वडोदरा (एजेंसी)।**



गुजरात में आतंकी साजिश को नाकाम करते हुए एटीएस ने बड़ी कार्रवाई की है। टीम ने वडोदरा के पास जरोद बस स्टैंड से असम निवासी मोहम्मद शाहरुख इस्लाम को एके-47 राइफल और 23 जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। शुरुआती जांच में उसके पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े होने की बात सामने आई है। एटीएस की जांच के मुताबिक, आरोपी पिछले करीब एक साल से जैश-ए-मोहम्मद के संपर्क में था। उसके मोबाइल फोन की तलाशी में संगठन से जुड़ी संदिग्ध सामग्री भी मिली है।

एजेंसी पिछले छह महीने से अधिक समय से उस पर नजर रख रही थी। पुख्ता सूचना मिलने के बाद जरोद बस स्टैंड पर घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार किया गया।

## मद्रास उच्च न्यायालय ने दो सीटों से प्रतिबंध हटाया

**चेन्नई (एजेंसी)।** मद्रास उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को पांच में से दो विधानसभा सीटों पर उपचुनाव कराने का रास्ता साफ कर दिया है और चुनाव आयोग को तमिलनाडु की अंबासमुद्रम और पेरुंदुरई विधानसभा सीटों पर उपचुनाव कराने की अनुमति दे दी। अदालत ने हालांकि तिरुचि पूर्व, विरालिमलाई और करूर की तीन अन्य सीटों पर उपचुनाव कराने पर लगी रोक बरकरार रखी। उच्च न्यायालय ने कहा कि इन तीनों सीटों पर उपचुनाव तभी कराए जा सकते हैं, जब जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 84 के तहत दायर लंबित चुनाव याचिकाओं का पूरी तरह निपटारा हो जाए।

### कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और

## विधायक पीरजादा का निधन

**श्रीनगर (एजेंसी)।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और जम्मू-कश्मीर विधानसभा में अनंतनाग से विधायक पीरजादा मोहम्मद सईद का निधन हो गया है। वे 73 साल के थे। पारिवारिक सूत्रों ने बताया कि उनका निधन गुरुवार शाम को हुआ। उनको शुक्रवार को दमहल अचबल, अनंतनाग में सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा। जम्मू-कश्मीर के सीएमओ ने एक्स पर पोस्ट कर सईद के निधन पर दुख व्यक्त किया।

पोस्ट में लिखा-सीएम उमर अब्दुल्ला ने वरिष्ठ नेता को श्रद्धांजलि देते हुए सार्वजनिक सेवा में उनके लंबे और विशिष्ट करियर और जम्मू-कश्मीर के



लोगों के कल्याण में उनके अमूल्य योगदान को याद किया।

उन्होंने शोक संतप्त परिवार, दोस्तों और समर्थकों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त की और दिवंगत आत्मा को जन्नत (स्वर्ग) में सर्वोच्च स्थान मिलने और परिवार को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति मिलने की प्रार्थना की।

## बागी TMC गुट को करारा झटका

**कोलकाता (एजेंसी)।** ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस (TMC) से बगावत करने वाले ऋत्व्रत बनर्जी को कलकत्ता हाई कोर्ट ने बड़ा और करारा झटका दिया है। हाई कोर्ट ने पश्चिम बंगाल में विपक्ष के नेता के रूप में उनकी नियुक्ति को रद्द कर दिया है। साथ ही, अदालत ने इस मामले में नए सिरे से फैसला लेने का आदेश दिया है। हाई कोर्ट ने शुक्रवार (27 नवंबर) को पश्चिम बंगाल विधानसभा अध्यक्ष के उस फैसले को रद्द कर दिया, जिसके तहत उन्होंने ऋत्व्रत बनर्जी को विपक्ष का नेता नियुक्त किया गया था। हाई कोर्ट ने विधानसभा अध्यक्ष रथिंद्र बोस को निर्देश दिया है कि वे 10 दिनों के भीतर इस बात पर पुनर्विचार करें कि पश्चिम बंगाल में विपक्ष का नेता किसे



होना चाहिए। जस्टिस कृष्ण राव ने विपक्षी दल, तृणमूल कांग्रेस (TMC) के मुख्य सचेतक (चीफ विप) के रूप में अखरुज्जमां की नियुक्ति को भी रद्द कर दिया है। अब दोनों पदों पर 10 दिनें के अंदर विधानसभा अध्यक्ष को फैसला लेना है।

## मिर्जापुर में पूर्व सांसद पर ईंट से हमला

**मिर्जापुर (एजेंसी)।** मिर्जापुर के पूर्व सांसद रमेश बिंद पर ईंट से प्रहार कर हमला किया गया। ईंट से उनके पुत्र को चोटें आई है। उन्होंने इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है। पूर्व सांसद ने कटरा कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया है। स्थानीय देहात कोतवाली थाना क्षेत्र के ईंटवा गांव निवासी रमेश बिंद बसपा से मझवा विधानसभा क्षेत्र से तीन बार के विद्यायक और भाजपा से भदोही संसदीय क्षेत्र सांसद रहे हैं।

## जम्मू-कश्मीर और पंजाब में आठ जगहों पर ईडी ने की छापेमारी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के जम्मू कार्यालय ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर और पंजाब में आठ जगहों पर छापेमारी शुरू की है। इनमें कठुआ, उधमपुर और पठानकोट भी शामिल हैं। यह कार्रवाई धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत की जा रही है। यह मामला आरोपी पूर्व एसएसबी जवान गुरमीत सिंह और उसके साथियों द्वारा चलाई जा रही एक फर्जी मनी मल्टीप्लायर/निवेश स्कीम से जुड़ा है। ईडी की जांच जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड, उत्तर




प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा और बिहार में विभिन्न पुलिस अधिकारियों द्वारा दर्ज की गई कई एफआईआर से शुरू हुई। एफआईआर में आम जनता को ठगने का आरोप है, जिसमें सेवारत और सेवानिवृत्त एसएसबी कर्मी भी शामिल हैं। उन्हें ऊंचे और निश्चित मासिक रिटर्न के झूठे वादों पर अपने पैसे निवेश करने के लिए राजी किया गया था। वित्तीय डेटा की जांच से पता चला कि निवेशकों से करोड़ों रुपए की बड़ी रकम कई कंपनियों और संस्थाओं के जरिए इकट्ठा की गई थी। इनमें मैसर्स स्टाइल ओ इंडस्ट्री, कटुआ, मैसर्स स्टाइल ओ कम्फर्ट क्रिएशंस प्राइवेट लिमिटेड और अन्य शामिल हैं, जो आरोपी व्यक्तियों द्वारा नियंत्रित और संचालित थीं।

## ईरान की धमकियों से डरे ट्रम्प के 5 मंत्री

**वॉशिंगटन डीसी (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के करीब 5 मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी अपने निजी घर छोड़कर सैन्य ठिकानों पर रहने चले गए हैं।

इन मंत्रियों ने ईरान से मिल रही जान से मारने की धमकियों और अमेरिका में बढ़ती राजनीतिक हिंसा को इसकी वजह बताया है। अब ये अधिकारी 100 साल से भी ज्यादा पुराने सैन्य घरों में रह रहे हैं, जहां चारों तरफ सेना की सुरक्षा रहती है। इनमें विदेश मंत्री मार्को रुबियो, रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ और ट्रेजरी सेक्रेटरी स्कॉट बेसेंट शामिल हैं।

CNN की रिपोर्ट के मुताबिक, वॉशिंगटन डीसी में सैन्य ठिकानों पर अधिकारियों के रहने का यह चलन पहले के मुकाबले काफी बढ़ा है। इन घरों में आमतौर पर सेना के बड़े अधिकारी और जनरल रहते थे। यहां आने-जाने के लिए सुरक्षा जांच से गुजरना पड़ता है और आम लोगों की पहुंच सीमित है।

## अमेरिका में तूफान से 9 लाख घरों की बिजली गुल

### 1800 फ्लाइट्स लेट, 400 रद्द; 14 साल में पानी सबसे ऊंचे लेवल पर पहुंचने का अनुमान

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका में तूफान से तेज हवाओं और भारी बारिश के कारण 9 लाख से ज्यादा घरों की बिजली गुल हो गई। वहीं, 1800 फ्लाइट्स लेट हुईं और 400 से ज्यादा उड़ानें रद्द करनी पड़ीं।



मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि समुद्र का जलस्तर 14 साल के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच सकता है। इससे न्यूयॉर्क, न्यू जर्सी और फिलाडेल्फिया समेत कई तटीय इलाकों में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। पूर्वी तट की ओर बढ़ रहे इस तूफान को 'नॉरईस्टर' कहा जाता है। यह तूफान तेज हवाओं, भारी बारिश और समुद्र में ऊंची लहरों के लिए जाना जाता है। खराब मौसम के कारण लाखों लोगों की यात्रा प्रभावित हो रही है। थैंक्सगिविंग अमेरिका का बड़ा त्योहार है। इस दौरान लोग अपने परिवार और दोस्तों के साथ समय बिताने के लिए दूसरे शहरों में जाते हैं। ऐसे में हवाई सफर में देरी से यात्रियों की परेशानी बढ़ गई है। इसका असर सिर्फ हवाई सफर पर ही नहीं, बल्कि त्योहार के कार्यक्रमों पर भी पड़ा है। न्यूयॉर्क में होने वाली मशहूर थैंक्सगिविंग डे परेड को शनिवार तक के लिए टाल दिया गया है। यह परेड का 100वां साल है और इसके इतिहास में पहली बार इसे टालना पड़ा है।

## इजराइल की अरब पार्टी हमास को आतंकी संगठन मानेगी

**तेल अवीव (एजेंसी)।** इजराइल की राअम पार्टी के प्रमुख मंसूर अब्बास शनिवार रात हमास को आतंकवादी संगठन मानने का ऐलान कर सकते हैं। वह चैनल 12 पर पत्रकार डाना वाइस को दिए इंटरव्यू में अपना रुख साफ करेंगे। अब्बास के इस बयान से गादी आइजनकोट की अगुवाई वाली नई सरकार में राअम पार्टी के शामिल होने का रास्ता खुल सकता है। आइजनकोट के पास सरकार बनाने के लिए अब सिर्फ 9 दिन बचे हैं। उन्होंने गठबंधन में शामिल होने



वाली हर अरब पार्टी से कहा है कि वह हमास को आतंकवादी संगठन माने और उसके खात्मे का संकल्प ले। अगर अब्बास ऐसा करते हैं, तो नेतन्याहू को सत्ता से हटाने के लिए बहुमत जुटाने में मदद मिल सकती है। इंटरव्यू के प्रोमो में उन्होंने कहा कि ऐसा करने पर उनकी जान भी जा सकती है।